## खास-खबरें

### मंदसौर जनसुनवाई में 32 आवेदकों की शिकायतें सुनीं, त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**मंदसौर।** आमजन की शिकायतों के त्वरित और विधिसम्मत निराकरण के उद्देश्य से जिला पुलिस कंट्रोल रूम में सोमवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा ने जनसुनवाई में पहुंचे 32 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान प्रत्येक आवेदक की शिकायत सुनकर उसके उचित वैधानिक समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंदसौर टीएस बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ रामस्नेही मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र भास्कर और एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने संबंधित थाना और चौकी प्रभारियों को आवेदनों पर तत्काल एवं विधिसम्मत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पहुंचे लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखीं।

### प्राइवेट अस्पताल की लिफ्ट से हादसा

**गंजबासौदा।** विगत दिवस सर्वोदय हॉस्पिटल की लिफ्ट से जुगल किशोर अहिरवार उम्र 67 वर्ष नई दिल्ली काली पठार निवासी को गिरने से गंभीर चोटें आईं भोपाल मेंइलाज के दौरान मौत हो गई आक्रोशित परिवार जनों तथा अन्य लोगों ने जय स्तंभ चौराहे पर प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश जाहिर कर चक्का जाम किया स्थिति पर तुरंत नियंत्रण के लिए पुलिस ने मोर्चा संभाला पीड़ित जनों को तुरंत निष्पक्ष जांच के लिए आश्वसत किया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा इसी क्रम में अस्पताल के प्रबंधक ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि इस हादसे पर सभी दुखी हैंहम पीड़ित परिवार जनों के साथ हैं सारी घटना जो भी हादसा हुआ है सीसीटीवी कैमरे में दर्ज है जो कि पुलिस को सौंप दिया है और अस्पताल प्रबंधन सभी तरह से पीड़ित परिवार को मदद करने के लिए तत्पर है।

### टेट परीक्षा को लेकर राज्य कर्मचारी संघ ने दिया ज्ञापन

**गंज बासौदा।** न्यायालय के निर्देश पर राज्य सरकार द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा लिए जाने की तैयारी चल रही है तो वही शिक्षक संगठन भी इस परीक्षा के विरोध में लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षक संगठनों के विरोध के समर्थन में राज्य के अन्य शासकीय कर्मचारी संगठन भी लामबंद हो गये है। इसी क्रम में मंगलवार को टेट के खिलाफ प्रांतीय आव्हान पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने प्रधानमंत्री के नाम एवं सभी विभागों के कर्मचारियों की 25 सूत्रीय मांगों का मुख्यमंत्री के नाम अनुभागीय अधिकारी गंजबासौदा को ज्ञापन सौंपा। तहसील अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि संघ दो ज्ञापन दिए हैं। यह पहली बार देखने में आ रहा है जब नौकरी के अंतिम पड़ाव में नौकरी बचाने के लिए के शिक्षकों को परीक्षा देना पड़ रही है।

संघ ने टेट परीक्षा निरस्त करने प्रदेश एवं केंद्र सरकार से अध्यादेश लाने की मांग की है। दूसरे ज्ञापन में कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने, तीन संतान वाले आदेश को निरस्त करने सहित लिपिक संवर्ग को मंत्रालय कर्मियों के समान वेतनमान कर पटवारी संवर्ग का वेतनमान रिव्यू करने की मांग की है। पंचायत सचिवो को सातवें वेतनमान का लाभ देने की मांग है। इसके अलावा कृषि, नगरीय निकाय आउटसोर्स कर्मियों आयुष, स्वास्थ्य, वन कर्मियों सहित सभी विभागों के कर्मचारियों की मांगों के निराकरण का मांग पत्र सौपा है। कर्मचारी आयोग के गठन एवं पुरानी पेंशन बहाली सहित 25 सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस मौके पर बासौदा प्रभारी श्रीमति रश्मि सकवार, महेंद्र पाल सिंह रघुवंशी, राज्य शिक्षा सेवा समिति अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, तहसील अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, सचिव जितेंद्र कुमार यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विशेष बच्चों के हुनर से साकार होंगी गणेश प्रतिमाएं, कोतवाली चौराहे पर लगेगा स्टॉल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर :** गणेशोत्सव के अवसर पर शहर में इस बार आस्था के साथ सामाजिक सरोकार की एक अनूठी पहल देखने को मिलेगी। वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन के विशेष बच्चों द्वारा अपने हाथों से तैयार की गई मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं का स्टॉल इस रविवार को कोतवाली चौराहा पर लगाया जाएगा। लायंस क्लब सीहोर की पहल पर लगाए जा रहे इस स्टॉल के माध्यम से शहरवासी इन प्रतिमाओं को खरीदकर विशेष बच्चों की प्रतिभा और मेहनत को प्रोत्साहित कर सकेंगे।

वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन में विशेष बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संगीत, कला और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसी प्रशिक्षण के तहत बच्चों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं को आकार दिया है। प्रतिमाओं को तैयार करने में बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति और कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया है।



**प्रतिमा खरीदना होगा बच्चों का हौसला बढ़ाना :** लायंस क्लब सीहोर द्वारा लगाए जा रहे स्टॉल का उद्देश्य केवल गणेश प्रतिमाओं की बिक्री करना नहीं, बल्कि विशेष बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उनकी प्रतिभा को पहचान और सम्मान दिलाना भी है। क्लब पदाधिकारियों का कहना है कि नागरिक जब इन बच्चों द्वारा बनाई गई प्रतिमा अपने घर ले जाएंगे तो यह उनके लिए सिर्फ गणेश प्रतिमा नहीं, बल्कि बच्चों की मेहनत, लगन और आत्मविश्वास की प्रतीक होगी।

हर प्रतिमा में छिपी है एक उम्मीद: विशेष बच्चों द्वारा बनाई गई प्रत्येक प्रतिमा के पीछे उनकी मेहनत, सीखने की ललक और कुछ नया करने का उत्साह जुड़ा है। यह पहल समाज को यह संदेश भी देती है कि विशेष बच्चे किसी से कम नहीं हैं। उचित अवसर और प्रोत्साहन मिलने पर वे अपनी कला और प्रतिभा के माध्यम से समाज को नई प्रेरणा दे सकते हैं। लायंस क्लब सीहोर ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस रविवार को कोतवाली चौराहा पहुंचकर विशेष बच्चों द्वारा निर्मित गणेश प्रतिमाओं को खरीदें और इन नन्हे कलाकारों का उत्साह बढ़ाएं। क्लब ने कहा कि नागरिकों का छोटा-सा सहयोग इन बच्चों के आत्मविश्वास को बड़ी उड़ान दे सकता है।

# गोशालाओं पर करोड़ों खर्च फिर भी सड़कों पर गौवंश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा :** नगर में आवारा गोवंश की समस्या अब केवल असुविधा नहीं, बल्कि जनसुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा बन चुकी है। सीहोर नाके से भोपाल रोड स्थित स्वागत द्वार तक भोपाल-इंदौर मुख्य मार्ग पर दिनभर सड़क पर बैठे और घूमते गोवंश के कारण यातायात बाधित हो रहा है। रोजाना हजारों वाहन चालकों को जाम, दुर्घटना के खतरे और घंटों की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित नजर आ रही है।

नगर के सबसे व्यस्त मार्ग पर कई स्थानों पर गोवंश सड़क के बीचों-बीच बैठा रहता है। तेज रफ्तार वाहनों के बीच अचानक मवेशियों के आ जाने से चालकों को अचानक ब्रेक लगाने पड़ते हैं। कई बार पीछे चल रहे वाहन आपस में टकराने की स्थिति में आ जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सीहोर नाका, मुख्य बाजार और स्वागत द्वार सहित प्रमुख चौराहों पर गोवंश के झुंड यातायात की सबसे बड़ी बाधा बन गए हैं। दोपहिया वाहन चालक जोखिम उठाकर निकलते हैं, जबकि चारपहिया वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। कार्यालय, स्कूल और बाजार आने-जाने वाले लोग रोज इस परेशानी से जूझ रहे हैं।

रात के समय सड़क पर बैठे गोवंश दिखाई नहीं देने से दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। कई बार वाहन चालक मवेशियों को बचाने के प्रयास में अपना संतुलन खो बैठते हैं। बारिश के मौसम में गड्ढों और जलभराव के बीच यह खतरा और गंभीर हो गया है।

भैरूंदा ब्लॉक में लगभग 14 गोशालाएं संचालित हैं। शासन द्वारा गोवंश के संरक्षण के लिए प्रति पशु प्रतिदिन अनुदान भी दिया जाता है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में गोवंश सड़कों पर घूमता और बैठा दिखाई देना गोशालाओं की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। नागरिकों का कहना है कि जब गोशालाओं के संचालन पर सरकारी राशि खर्च हो रही है तो फिर सड़कों पर आवारा गोवंश क्यों दिखाई दे रहा है?

# 14 सितंबर को आस्था का महासंगम, हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी का दुर्लभ संयोग

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा :** इस वर्ष 14 सितंबर का दिन श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत शुभ और दुर्लभ संयोग लेकर आ रहा है। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया और चतुर्थी तिथि एक ही दिन पड़ने से हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी का पावन पर्व एक साथ मनाया जाएगा। इस विशेष संयोग के कारण पूरे दिन शिव-पार्वती की आराधना के साथ भगवान श्रीगणेश की स्थापना और पूजा-अर्चना का दिव्य वातावरण रहेगा।



श्री सिद्धिदात्री ज्योतिष अनुष्ठान केंद्र, भैरूंदा के ज्योतिषाचार्य पंडित संजय शर्मा ने बताया कि उदयातिथि के अनुसार सुहागिन महिलाएं 14 सितंबर को ही हरतालिका तीज का निर्जला व्रत रखेंगी। इसी दिन सुबह 7:06 बजे से चतुर्थी तिथि प्रारंभ होने के साथ दस दिवसीय गणेश जन्मोत्सव का शुभारंभ होगा, जो 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी तक चलेगा।

पंडित संजय शर्मा के अनुसार भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा स्थापना के लिए दोपहर 11:02 बजे से 1:31 बजे तक का समय अत्यंत शुभ रहेगा। इस अवधि में विधि-विधान से गणपति बप्पा की स्थापना और पूजा करने से सुख, समृद्धि तथा विघ्नों का नाश होता है। उन्होंने बताया कि 14 सितंबर को सुबह चतुर्थी तिथि प्रारंभ होने के बावजूद हरतालिका तीज का निर्जला व्रत उसी दिन समाप्त नहीं होगा। शास्त्रों के अनुसार इस व्रत का पारण अगले दिन 15 सितंबर को सूर्योदय के बाद किया जाएगा। इसलिए महिलाएं पूरे दिन निर्जला उपवास रखते हुए दोपहर में गणपति स्थापना एवं पूजन करेंगी तथा अगले दिन विधिवत पारण करेंगी।

पंडित संजय शर्मा ने बताया कि लिंग पुराण के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तप किया था। उन्होंने अन्न-जल का त्याग कर बालू का शिवलिंग बनाकर भगवान शिव की आराधना की थी।

इसी तपस्या की स्मृति में हरतालिका तीज का व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि श्रद्धा और विधि-विधान से यह व्रत करने वाली महिलाओं को अखंड सौभाग्य, सुखी दांपत्य जीवन और भगवान शिव-पार्वती की विशेष कृपा प्राप्त होती है। गणपति स्थापना के समय भगवान श्रीगणेश को पीला वस्त्र, 21 दूर्वा दल, लाल सिंदूर, ऋद्धि-सिद्धि का प्रतीक पत्र, मोदक तथा मोतीचूर के लड्डू अर्पित किए जाएंगे। धार्मिक मान्यता है कि चतुर्थी के दिन विधिपूर्वक गणेश पूजन करने से घर-परिवार के विघ्न, अमंगल और वास्तुदोष दूर होते हैं तथा सुख-समृद्धि का वास होता है।

### अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई, 9 प्रकरणों में मदिरा जब्त

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. के. निर्देशानुसार जिला आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी दीपसिंह राठौर ने बताया कि दिनांक 7 सितंबर 2026 को जिला आबकारी बल के सहयोग से वृत्त आष्टा में सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान 9 प्रकरण कायम कर 93 पाव देशी मदिरा, 7 बोतल विदेशी मदिरा, 12 बोतल बीयर, 15 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा तथा 105 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। मौके पर 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 2 आरोपी मौके से फरार होने के कारण अज्ञात हैं। सभी प्रकरणों में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए प्रकरण विवेचना में लिए गए हैं।

# सांदीपनि विद्यालय के नए भवन का डीईओ ने किया निरीक्षण



भैरूंदा। जिले में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में मंगलवार को महत्वपूर्ण कदम देखने को मिला। जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा ने भैरूंदा स्थित सांदीपनि विद्यालय के नव-निर्मित भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता, सुरक्षा और विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि भवन निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी और विद्यार्थियों को सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

निरीक्षण के दौरान डीईओ ने भवन के विभिन्न कक्षों, निर्माण सामग्री और चल रहे कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से निर्माण की प्रगति एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता के सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य संजय श्रीवास्तव से भी चर्चा कर नव-निर्मित भवन में फर्नीचर, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था सहित विद्यार्थियों की सुविधा से जुड़ी सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने को कहा। डीईओ ने कहा कि विद्यालय का नया भवन केवल एक संरचना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। इसलिए प्रत्येक व्यवस्था गुणवत्तापूर्ण और समय पर पूरी होना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भवन के प्रत्येक हिस्से का अवलोकन कर निर्माण की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन किया। निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों ने भवन निर्माण से जुड़ी तकनीकी एवं प्रशासनिक जानकारी भी साझा की।

# किशोरियों ने महिलाओं को सिखाया अपना नाम लिखना, बाल मित्र ग्रामों में मना साक्षरता दिवस

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदा :** अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कंपैशन द्वारा बाल मित्र ग्राम परियोजना के तहत निबोदिया, जरोदपुरा, चौरावर, स्यावदा, कंजना और ककरावदा गांवों में महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं के लिए विशेष साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में साक्षरता के साथ आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और अपनी बात स्वयं रखने की क्षमता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की विशेष पहल में गांव की पढ़ी-लिखी किशोरी बालिकाओं ने अनपढ़ महिलाओं को पेन पकड़ने, अक्षरों को पहचानने और अपना नाम लिखना सिखाया।

लंबे समय से अपने नाम के लिए दूसरों पर निर्भर रहने वाली कई महिलाओं ने पहली बार स्वयं अपना नाम लिखने का प्रयास किया। इस दौरान महिलाओं में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। 'मेरा नाम, मेरी आवाज, मेरी पसंद' विषय पर आयोजित गतिविधियों में महिलाओं को अपनी इच्छाओं, सपनों और भविष्य में सीखने की चाह को खुलकर व्यक्त करने का अवसर दिया गया।

महिलाओं ने बताया कि वे आगे क्या सीखना चाहती हैं और जीवन में क्या करना चाहती हैं। आयोजकों ने बताया कि साक्षरता केवल पढ़ने और लिखने तक सीमित नहीं है। यह व्यक्ति को अपनी बात आत्मविश्वास के साथ रखने, अपनी पसंद व्यक्त करने और बेहतर निर्णय लेने में भी सक्षम बनाती है। कार्यक्रम के दौरान किशोरियों और महिलाओं के बीच सीखने-सिखाने का रोचक माहौल रहा। किशोरियों ने शिक्षक की भूमिका निभाते हुए महिलाओं का उत्साह बढ़ाया। महिलाओं द्वारा भरे गए कार्ड में उनके नाम, सीखने की इच्छा और सपनों को दर्ज किया गया, जिससे उनकी साक्षरता यात्रा को आगे भी समझा जा सके।

# स्नेह में मनाया विश्व फिजियोथेरेपी दिवस



**नईदुनिया प्रतिनिधि, नागदा :** दव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पुनर्वास के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित लायंस ऑफ नागदा की स्थायी परियोजना 'स्नेह' में मंगलवार को विश्व फिजियोथेरेपी दिवस मनाया गया।

स्नेह के संस्थापक डॉ. पंकज मारू ने बताया कि हर वर्ष 8 सितंबर को विश्व फिजियोथेरेपी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बौद्धिक दिव्यांगजनों के पुनर्वास में फिजियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

थेरेपी विभाग प्रमुख फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. विजेंद्र सिंह डोडिया के मार्गदर्शन में स्नेह में पंजीकृत 175 दिव्यांगजनों में से 90 बौद्धिक दिव्यांगजनों को फिजियोथेरेपी उपचार दिया जा रहा है। साथ ही लकवा, स्पाइनल कॉर्ड इंजरी, स्लिप डिस्क, माइग्रेन, स्पोर्ट्स इंजरी और घुटने, कमर व गर्दन के दर्द का उपचार आधुनिक मशीनों से किया जाता है। इस अवसर पर फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. विजेंद्र सिंह डोडिया, डॉ. कविता सोनी, ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट श्रुति सोनी सहित टीम का सम्मान किया गया। डॉ. डोडिया ने नियमित फिजियोथेरेपी के महत्व की जानकारी दी।


**म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340, 42, Web. : www.mpstdc.com
क्रमांक 419/यांत्रिकी/पविनि/26 | दिनांक 08.09.2026

**निविदा सूचना 316/2026_STDC_534567_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :-** जिला बैतूल स्थित ताप्ती उद्गम स्थल का विकास कार्य आंतरिक एवं बाहरी विद्युतीकरण सहित। (08 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 272.80 लाख।
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 28.09.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/127944/2026 | **कार्यपालन यंत्री**


# विदिशा मेडिकल कॉलेज में कैंसर डे-केयर कीमोथेरेपी यूनिट शुरू, मरीजों को मिलेगी स्थानीय स्तर पर सुविधा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा :** अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा में कैंसर डे-केयर कीमोथेरेपी यूनिट का शुभारंभ किया गया। इस सुविधा से विदिशा और आसपास के जिलों के कैंसर मरीजों को अब उपचार के लिए बड़े शहरों पर निर्भरता कम होगी। यूनिट का उद्घाटन केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल वर्चुअल माध्यम से जुड़े।




उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि कैंसर मरीजों को बेहतर और समय पर उपचार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि डे-केयर कीमोथेरेपी सेंटर शुरू होने से मरीजों को बार-बार भोपाल या अन्य बड़े शहरों की यात्रा करने से राहत मिलेगी। इससे उनका समय, खर्च और बीमारी से जुड़ी मानसिक परेशानी भी कम होगी।

उन्होंने बताया कि जून में आयोजित कैंसर स्क्रीनिंग अभियान के दौरान करीब 3 हजार लोगों की जांच की गई थी। इसमें लगभग 600 मरीजों में कैंसर की पहचान हुई और करीब 250 संभावित मरीजों को चिन्हित किया गया। इसके बाद मरीजों के उपचार के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। अब जिन मरीजों की कीमोथेरेपी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निर्धारित की जाएगी, उन्हें तय प्रोटोकॉल के अनुसार विदिशा मेडिकल कॉलेज में ही उपचार दिया जा सकेगा।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए समय पर जांच और जागरूकता जरूरी है। उन्होंने कहा कि विदिशा में शुरू किया गया कैंसर डे-केयर सेंटर मरीजों के लिए बड़ी सुविधा साबित होगा। टाटा मेमोरियल अस्पताल के सहयोग से यहां कैंसर उपचार की सुविधाएं चरणबद्ध तरीके से विकसित की जा रही हैं। उन्होंने भविष्य में विदिशा में कैंसर अस्पताल स्थापित करने की दिशा में भी प्रयास किए जाने की बात कही। केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि टाटा समूह द्वारा कैंसर के क्षेत्र में किए जा रहे शोध और उपचार संबंधी कार्य देश और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि कैंसर मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए लगातार सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

यूनिट के संचालन के लिए मेडिकल कॉलेज के दो चिकित्सकों और सात नर्सिंग अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के अनुसार यह केंद्र मरीजों को टाटा मेमोरियल अस्पताल के सहयोग से बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध कराने में सहायक होगा।

कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. मनीष निगम सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि इस सुविधा के शुरू होने से विदिशा सहित आसपास के क्षेत्रों के कैंसर मरीजों को उपचार के लिए दूर जाने की आवश्यकता कम होगी।

### भाजपा गुड़भेला मंडल की कार्यसमिति बैठक में मुख्य वक्ता होंगे वजसपाल सिंह अरोरा

**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक के बाद अब मंडल स्तर पर कार्यसमिति बैठकें शुरू हो रही हैं। इसी कड़ी में 9 सितंबर बुधवार को सीहोर जिले के गुड़भेला मंडल की कार्यसमिति बैठक रखी गई है। इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं सीहोर जिला पंचायत व सीहोर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा शामिल होंगे। श्री अरोरा के साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा एवं युवा भाजपा नेता विष्णु वर्मा भी रहेंगे। इस बैठक में मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मंडल मोर्चा के अध्यक्ष, शक्ति केंद्र के प्रभारी एवं सह-प्रभारी समस्त बूथों के अध्यक्ष एवं समस्त कार्यसमिति सदस्य सहित कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। गुड़भेला मंडल की बैठक श्रीराम मंदिर प्रांगण ग्राम लसूडिया खास में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी। इसमें भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा सभी पदाधिकारियों एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**नया वि/यां संभाग राजधानी परियोजना प्रशासन भोपाल**

क्र. 36/एस.ए.सी/2026-27 | भोपाल दिनांक 07/09/26

**निविदा आमंत्रण**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री नया वि/यां संभाग राजधानी परियोजना प्रशासन भोपाल, अधीक्षण यंत्री राजधानी परियोजना मण्डल राजधानी परियोजना प्रशासन भोपाल, कार्यपालन यंत्री निर्माण संभाग क्र. 1, 2 एवं भवन नियंत्रक राजधानी परियोजना प्रशासन भोपाल हेतु निर्माण कार्यो के निरीक्षण जॉच एवं कार्यालयीन शासकीय कार्य हेतु नियमानुसार पंजीकृत फर्मा/सेवा प्रदाताओं से क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय मे टैक्सी कोटे मे रजिस्टर्ड वातानुकूलित वाहन, मासिक दर के आधार पर किराए से लिये जाने हेतु ऑनलाईन निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती है। निविदा आमंत्रण में समस्त दरें वाहन किराया में ईंधन रहित तथा चालक का वेतन मय ई.पी.एफ. वाहन का संधारण एवं अन्य समस्त शासकीय करों को सम्मिलित कर प्रत्येक श्रेणी हेतु पृथक-पृथक दरे निर्धारित सलग्न प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। विवरण निम्नानुसार है :-

| स. क्र. | वाहन का प्रकार | वाहन संख्या | कार्य की अनुमानितलागत (वार्षिक) रू. | निविदा प्रतिभूति राशि रू. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | अनुबंध अवधि | वाहन मुख्यालय | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | इनोवा क्रिस्टा वाहन | 01 | 6053208.00 | 60532.00 | 10000/- (दस हजार मात्र) | अनुबंध दिनांक से एक वर्ष तक | भोपाल | कार्यालय आवश्यकता अनुसार वाहनों की संख्या एवं प्रकार (varient) परिवर्तन किया जा सकेगा, किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। |
| 2. | स्कारपियो वाहन | 02 | | | | | | |
| 3. | महिन्द्रा बोलेरो/मारूती ब्रेंजा/इंडिगो इ.सी.एस. /स्विट डिजायर/अमेज | 15 | | | | | | |

1. सीमित निविदायें प्राप्त होने पर, समान न्यूनतम दर प्राप्त होने अथवा उचित दर वाली निविदा प्राप्त नहीं होने की दशा में पुन: निविदायें आमंत्रित किया जाना अथवा आमंत्रित नहीं किये जाने सम्बन्धित समस्त अधिकार कार्यपालन यंत्री नया वि/यां संभाग भोपाल के पास सुरक्षित होगें।
2. वाहन पंजीयन एवं वाहन का टैक्सी कोटे में पंजीयन दि. 01/04/2025 या इसके पश्चात् का ही मान्य होगा।
3. अन्य निविदा शर्तें निविदा पत्र के साथ संलग्न होगी।
4. निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 11/09/2026 सांय 5:30 बजे से 25/09/2026 सांय 5:30 बजे तक निर्धारित है।

**(मीनाक्षी सिंह बघेल) कार्यपालन यंत्री नया वि/यां संभाग**
**राजधानी परियोजना प्रशासन भोपाल मो.क्रं. 7869966403**

जी-18306/26